प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

चुनाव नतीजे

प्रदेश के शहरी निकायों में कल हुए शांतिपूर्ण मतदान के बाद देर शाम तक आए नतीजों में अधिकतर जगहों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कल 4 नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मंडी सहित 25 नगर परिषदों व 22 नगर पंचायतों में वोट डाले गए। चुनाव नतीजों में कुल्लू जिला के मनाली नगर परिषद में सभी 7 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। कुल्लू नगर परिषद में भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार बराबरी पर रहे जबकि 5 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने बाजी मारी। भुंतर, बंजार और निरमंड के अधिकतर वार्डों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। कांगड़ा जिले की 5 नगर परिषद व एक नगर पंचायत में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। जिले में आए चुनाव नतीजों के बाद राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए इस जीत को कार्यकर्त्ताओं की मेहनत और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जनहितैषी नीतियों की जीत बताया है।

चुनाव नतीजे–2

दूसरी ओर ऊना जिले में नगर निकाय के चुनाव नतीजों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 6 में से 4 निकायों पर अपना कब्जा जमाया है। चंबा नगर परिषद में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने 6 जबकि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 5 वार्डों में जीत दर्ज की।

सिरमौर जिले के नाहन नगर परिषद ने एक बार फिर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने कब्जा किया है। यहां 13 वार्डों में से 7 पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया। जीत की बधाई देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत सीधे तौर पर दर्शाती है कि प्रदेश में चल रही कांग्रेस समर्थित सरकार से लोग तंग आ चुके हैं।

चुनाव नतीजे–3

शिमला जिला के रामपुर में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 9 में से 5 सीटों पर जीत दर्ज कर नगर परिषद में पहली बार अपना परचम लहराया है। बिलासपुर नगर परिषद के अलावा घुमारवीं, शाहतलाई व नयना देवी के अधिकतर वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है।

मंडी जिले के सरकाघाट नगर परिषद में भाजपा व कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने 3–3 वार्डों में जीत दर्ज की है। वहीं सुंदरनगर के 13 वार्डों में भाजपा समर्थित 9 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। जिले के नेरचौक नगर परिषद में कांग्रेस समर्थित उम्मिदवारों ने 8 वार्डों में जीत का परचम लहराया है। जबकि जोगिन्द्रनगर नगर परिषद में भाजपा अव्वल रही है।

सोलन जिला के परवाणू, नालागढ़ नगर परिषद में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने परचम लहराया है। जिले की अर्की व कंडाघाट नगर पंचायत में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने सेंध मारी है। इस बीच नगर निगम चुनाव के नतीजे 31 मई को घोषित किए जाएंगे।

पंचायत चुनाव प्रचार

प्रदेश की पंचायतों में 26, 28 व 30 मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान ने तेजी पकड़ ली है। चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी प्राथमिकताएं उनके सामने रखकर वोट मांग रहे हैं। प्रचार की इसी कड़ी में जिला परिषद से लेकर वार्ड सदस्य तक उम्मीदवार लोगों के साथ बैठकें कर अपनी जीत सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं।

अवार्ड

लाहौल स्पीति की सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक कला को सहेजने के लिए निरंतर कार्य कर रहे केलंग निवासी युवा सामाजिक उद्यमी तंजिन बौद्ध को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा अनसंग हीरोज अवार्ड से सम्मानित किया गया है। तंजिन बौद्ध और उनकी टीम लंबे समय से लाहौल की विलुप्त होती सांस्कृतिक विरासत को बचाने के प्रयासों में जुटी हुई है। उन्होंने अपने साथियों के सहयोग से एक 80 साल पुराने पारंपरिक घर को संरक्षित कर धरोहर केंद्र के रूप में विकसित किया है। इसके अलावा वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी लगातार कार्य कर रहे हैं।

<u>आईपीएल धर्मशाला</u>

धर्मशाला में कल खेले गए आईपीएल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 8 विकेट पर 198 रन ही बना सकी।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।